पहल

मंडला में जीआईएस आधारित आईएनआरएम प्लानिंग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

# 76 प्रतिभागियों ने सीखा रिज टू वैली वॉटरशेड अप्रोच और जीआईएस तकनीक



**मंडला 06 नबंवर नभाप्र.** ग्राम पंचायत विकास योजना को अधिक प्रभावी, यथार्थ परक और वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से प्रदान संस्था द्वारा मंडला जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले के सभी ब्लॉकों की चयनित ग्राम पंचायतों में कार्यरत ब्लॉक समन्वयक, क्लस्टर समन्वयक, सीएसपी एवं मास्टर ट्रेनरों के लिए आयोजित किया गया, जिसका मुख्य फोकस जीआईएस आधारित एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्लानिंग पर रहा।

बताया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो मुख्य चरणों में संचालित किया गया। प्रथम चरण में प्रतिभागियों को जीपीडीपी की मूल अवधारणा, प्रक्रिया और उसके महत्व पर विस्तृत सैद्धांतिक जानकारी दी गई। द्वितीय चरण पूरी तरह से प्रायोगिक था, जिसमें प्रतिभागियों को जीआईएस आधारित आईएनआरएम प्लानिंग के तकनीकी पहलुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आईएनआरएम के सिद्धांतों और उनके ग्राम विकास योजना में व्यावहारिक उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिभागियों को आगामी वर्ष की कार्ययोजना में इन सिद्धांतों को प्राथमिकता से शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे ग्राम पंचायतों की योजनाएँ उनकी वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित बन सकें।

## 76 प्रतियोगियों ने निभाई सहभागिता

इस दो दिवसीय आयोजन में जिले की चयनित ग्राम पंचायतों से 76 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रदान संस्था की टीम से अभिलाष, श्रद्धा, श्रुति, मेघा ने उपस्थित रहकर प्रतिभागियों को तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया। इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को जीपीडीपी निर्माण की वैज्ञानिक प्रक्रिया की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिली है। बताया गया कि वर्तमान में शासन एवं जिला प्रशासन का विशेष रुझान भी जीपीडीपी को लेकर देखा जा रहा है, जिससे पंचायतें अपने संसाधनों के संरक्षण और उपयोग की दिशा में वॉटरशेड अप्रोच और आईएनआरएम आधारित वैज्ञानिक योजना पद्धति को अपनाएं। आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभागियों में न केवल योजना निर्माण की समझ विकसित हुई, बल्कि उन्होंने यह भी जाना कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी से ग्राम पंचायतों की योजनाएं कैसे अधिक सशक्त, सहभागी और स्थायी बन सकती हैं।





ग्राम पंचायत विकास योजना केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास का जीवंत खाका है। यदि इसे सही तरीके से तैयार किया जाए, तो यह ग्राम स्तर पर संसाधनों के बेहतर उपयोग, आजीविका सशक्तिकरण और सतत विकास की दिशा में ठोस परिवर्तन ला सकता हैं।

**वैभव गणेश सोनोने,** प्रदान संस्था



ग्राम पंचायत विकास योजना तभी सफल हो सकती है जब उसमें प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक प्रबंधन और समुदाय की वास्तविक आवश्यकताओं का समावेश किया जाए। जीआईएस आधारित आईएनआरएम प्लानिंग से हमें न केवल संसाधनों का बेहतर उपयोग समझ में आता है, बल्कि इससे विकास योजनाएँ अधिक टिकाऊ और परिणामोन्मुख बनती हैं।

**सुलेख पटैल,** प्रदान संस्था



वॉटरशेड अप्रोच यानी रिज टू वैली प्लानिंग आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। जब हम ऊंचाई वाले क्षेत्रों से लेकर निचले हिस्सों तक प्राकृतिक संसाधनों का समग्र प्रबंधन करते हैं, तब ही जल, जमीन और वन की वास्तविक सुरक्षा संभव होती है। इस प्रक्रिया को अगर हम आजीविका से जोड़ दें, तो यह केवल संसाधन संरक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेगा। स्थायी आजीविका और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन यही सतत् ग्राम विकास की दिशा में असली आधारशिला है।

**अनुरुद्ध कुमार शास्त्री,** प्रदान संस्था



# शहर के बीचों-बीच मिली सरकारी एक्सपायरी दवाओं का ढेर

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही
सुभाष वार्ड स्थित जैन मंदिर के सामने मिलीं फॉलिक एसिड और आयरन सिरप की बोतलें
सीएमएचओ ने दिए जांच के निर्देश

**मंडला 06 नबंवर नभाप्र.** जिला मुख्यालय के सुभाष वार्ड स्थित जैन मंदिर के सामने बड़ी संख्या में सरकारी फॉलिक एसिड और आयरन सिरप की एक्सपायरी बोतलें खुले में फेंकी हुई मिली हैं। इस चौंकाने वाली घटना ने सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया गया कि मीडिया के माध्यम से सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया और सीएमएचओ के निर्देश पर तत्काल डॉक्टरों की एक टीम मौके पर पहुंची।

बताया गया कि स्वास्थ्य टीम ने मौके से पांच दर्जन से अधिक एक्सपायरी दवाओं की बोतलों को एकत्र किया और उन्हें जब्त कर लिया। ये दवाएँ आमतौर पर छोटे बच्चों को पीने के लिए होती हैं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कायक्रमों के तहत वितरित की जाती हैं। बताया गया कि सरकारी दवाओं को नष्ट करने के लिए निश्चित और कड़े नियम हैं, जिनका पालन अनिवार्य होता है। बावजूद इसके इतनी बड़ी तादाद में इन एक्सपायरी दवाओं को शहर के बीचों-बीच खुले में फेंकना विभाग की घोर लापरवाही को उजागर करता है।


## वितरण में अनियमितता की आशंका

ये सरकारी दवाएं जमीनी स्तर पर लाभार्थियों तक वितरण के लिए सामान्यत: आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को सौंपी जाती हैं। खुले में मिली ये दवाएं लापरवाही और अनियमित्ताओं की ओर इशारा करती हैं। इस लापरवाही से लगता है कि इनका वितरण शायद केवल कागजों पर ही पूरा कर दिया गया हो और वास्तविक लाभार्थियों तक ये पहुंची ही न हों। यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता की कमी को भी दर्शाती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने इस बड़ी चूक के लिए जांच करने की बात कही है, जिससे जिम्मेदार व्यक्ति या कर्मचारियों की पहचान कर उन पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# डिंडोरी-छत्तीसगढ़ सीमा से मंडला जिले में घुसा जंगली हाथियों का झुंड

वन विभाग हाई अलर्ट, ग्रामीणों को सतर्क रहने की मुनादी
कान्हा के फेन अभ्यारण्य में मिली हाथियों की लोकेशन

**मंडला 06 नबंवर नभाप्र.** जिले में डिंडोरी और छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे वन क्षेत्रों से जंगली हाथियों का एक झुंड प्रवेश कर गया है, जिसके बाद वन विभाग और कान्हा टाइगर रिजर्व का प्रबंधन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। बुधवार रात को इन हाथियों की अंतिम लोकेशन कान्हा टाइगर रिजर्व के फेन अभ्यारण्य क्षेत्र में दर्ज की गई है। बिछिया के एसडीओ (वन) चंद्रिका सिंह ने बताया कि मंगलवार को डिंडोरी जिले के दक्षिणी समनापुर रेंज अंतर्गत झामुल बीट में हाथियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जो मंडला जिले के मवई वन परिक्षेत्र से लगभग 12 किलोमीटर दूर है। बुधवार को हाथियों की लोकेशन चेन्द्रा दादर से करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में पाई गई। एसडीओ चंद्रिका सिंह ने बताया कि शुरुआती सूचना 11 हाथियों के झुंड की थी, लेकिन निगरानी के दौरान अब तक केवल 4 हाथी ही देखे गए हैं।



## कान्हा बफर क्षेत्र में हलचल

मवई रेंजर साधना चौहान ने बताया कि बुधवार रात तक हाथियों की अंतिम लोकेशन कान्हा बफर क्षेत्र के साजल गान और सठिया के बीच थी। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम हाथियों के झुंड पर लगातार निगरानी रख रही है। कान्हा टाइगर रिजर्व के असिस्टेंट डायरेक्टर सिझोरा आशीष पांडे ने बताया कि बुधवार रात को हाथियों की लोकेशन फेन अभ्यारण्य क्षेत्र में थी। उन्होंने पुराने रुझानों का हवाला देते हुए आशंका जताई कि ये हाथी अब मवई या मोतीनाला क्षेत्र की ओर बढ़ सकते हैं।

## सतर्क रहने की अपील

हाथियों के प्रवेश को देखते हुए वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और आसपास के गांवों में सतर्कता बरतने के लिए मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी असामान्य गतिविधि या हाथियों के दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करें और समूह से दूर रहें।

# साड़ी का पल्लू चके में फंसा, चलती बाइक से गिरी महिला, गंभीर घायल

### निवास-मंडला मार्ग पर ददरगांव के पास हुई घटना

**निवास 06 नबंवर नभाप्र.** निवास, मंडला मार्ग पर ददरगांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें चलती मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना का कारण महिला की साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले टायर में फंसना बताया गया है। जानकारी अनुसार रांझी खम्हारिया निवासी सुलेखा उईके 23 वर्ष अपने पति ब्रजेश और दो साल के बेटे के साथ मोटरसाइकिल से अपनी दीदी के यहाँ गाढ़ा देवरी बबलिया की तरफ रिश्तेदारी में गई हुई थीं। लौटते समय जब वे ग्राम ददरगांव के पास से गुजर रहे थे, इसी दौरान सुलेखा उईके की साड़ी का पल्लू अचानक बाइक के पिछले पहिए में फंस गया। पल्लू फंसने से महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।



हादसे के तुरंत बाद वहाँ से गुजर रहे लोगों की नजर घायल महिला पर पड़ी। उन्होंने तत्काल 108 एम्बुलेंस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास में लाकर भर्ती कराया। महिला का उपचार जारी है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी दे दी गई है।

# जंगली कीट के काटने से चरवाहे की मौत, क्षेत्र में दहशत का माहौल

बबलिया के समीप ग्राम छपरा निवासी रतीराम बैगा की इलाज के दौरान मौत
जंगली कीट के भय से थमा धान कटाई और पशु चराई का काम

**बबलिया 06 नबंवर नभाप्र.** मंडला जिले के बबलिया के समीपस्थ ग्राम छपरा, नए टोला में जंगली विषैले कीट के काटने से एक व्यक्ति की दु:खद मृत्यु हो गई है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में जंगली जीवों के खतरे और दहशत का माहौल बन गया है। बताया गया कि ग्राम छपरा नए टोला निवासी रतीराम पिता अमरू बैगा 40 वर्ष विगत दिवस 3 नवंबर को अपनी गाय-भैंस चराने के लिए जंगल गया था। वहीं उसे किसी बड़े भुगरा ने काट लिया। जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में भर्ती कराया गया, लेकिन आराम न मिलने पर मंगलवार को उन्हें मंडला के एक प्राईवेट अस्पताल लेकर आए, लेकिन इलाज के दौरान बुधवार को रतीराम की मृत्यु हो गई। बताया गया कि रतीराम का शव परीक्षण मंडला अस्पताल में किया गया। इसके बाद गुरुवार को उनके गृह ग्राम छपरा में रीति-रिवाज के अनुसार उनका दाह संस्कार कर दिया गया। बताया गया कि इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भुगरा के काटने का भय व्याप्त है। जनचर्चा में यह बात सामने आ रही है कि इस भय के कारण ग्रामीण धान की कटाई के लिए खेतों में जाने से डर रहे हैं, वहीं चरवाहे भी अब जंगल में पशु चराने जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस जंगली खतरे की पहचान कर इसकी रोकथाम के लिए उचित उपाय किए जाएं, जिससे किसानों और चरवाहों का सामान्य काम बहाल हो सके।

# देवरी कला बबलिया में दो दिवसीय परंपरागत मड़ई का आयोजन आज, परंपरागत नृत्य रहेगा आकर्षण

### गर्म कपड़ों के बाजार के लिए क्षेत्र में है विशेष पहचान

**बबलिया 06 नबंवर नभाप्र.** देवरी कला बबलिया का सुप्रसिद्ध दो दिवसीय परंपरागत मड़ई का आयोजन आज सात नवंबर से शुरू हो रहा है और 8 नवंबर को समाप्त होगा। यह मड़ई क्षेत्र की सबसे बड़ी और जानी-मानी मड़ई में गिनी जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। इस मड़ई का मुख्य आकर्षण यहाँ का परंपरागत अहीरों का नृत्य और चण्डी का झुंड होता है। क्षेत्र के लोग विशेष रूप से इस नृत्य को देखने के लिए मड़ई में शामिल होते हैं, यह मड़ई स्थानीय संस्कृति और लोक कला का एक जीवंत प्रदर्शन है। बताया गया कि मड़ई में लगाए जाने वाले झूले भी बच्चों और बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। इसके साथ ही देवरी कला की यह मड़ई व्यापारिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। सर्दियों की शुरुआत को देखते हुए मड़ई में बाहर से गर्म कपड़े बेचने वाले व्यापारी भी आते हैं। यह स्थानीय लोगों के लिए कम कीमतों पर गर्म कपड़े खरीदने का एक प्रमुख केंद्र बन जाता है।

# मौत के मुंह से युवक को खींच लाए लोग, बाल-बाल बची जान



खैराकी वाटर फॉल में चट्टान से फिसलकर भंवर में फंसा युवक
स्थानीय लोगों ने गमछे से खींचा

**मंडला 06 नबंवर नभाप्र.** मंडला जिले के सिझोरा स्थित प्रसिद्ध खैराकी वाटर फॉल में एक दर्दनाक हादसा टल गया। चट्टान से फिसलने के बाद पानी के तेज बहाव में बह रहे एक युवक को वहां मौजूद स्थानीय लोगों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बचा लिया गया। इस पूरी घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। बताया गया कि यह घटना बुधवार की है, जब बड़ी संख्या में पर्यटक खैराकी वाटर फॉल पर पिकनिक मनाने पहुंचे थे। बताया गया कि एक युवक झरने के पास चट्टान से फिसल गया और तुरंत ही पानी के तेज बहाव में बहने लगा। युवक कुछ ही सेकंड में चट्टानों के बीच बने भंवर में फंस गया। वाटर फॉल में मौजूद लोगों ने जरा भी देर न करते हुए बिना किसी सुरक्षा उपकरण के अपने कपड़े और गमछे की मदद से साहस दिखाते हुए युवक को पानी से बाहर खींच लिया, जिससे उसकी जान बच गई।

## वीडियो हुआ वायरल

इस पूरी बचाव की घटना को किसी पर्यटक ने अपने कैमरे में कैद कर लिया था, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में लोगों का त्वरित और साहसी बचाव कार्य स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फिलहाल फिसलने वाले इस युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

## सुरक्षा इंतजाम की मांग

वीडियो सामने आने और लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए खैराकी वाटरफॉल जैसे लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग जोर पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि जलप्रपात के खतरनाक हिस्सों पर चेतावनी बोर्ड और लाइफ गार्ड्स की तैनाती आवश्यक है।

# बाल विवाह रोकने किन्नर समाज ने उठाई जिम्मेदारी, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी, दिलाई शपथ

### मैली और नारायणगंज मड़ई में जागरूकता अभियान चलाया

**नारायणगंज 06 नबंवर नभाप्र.** ग्राम पंचायत मैली और नारायणगंज मड़ई में हब एवं बाल विवाह रोकथाम अंतर्गत जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी संजीव मोहर एवं वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहां कि यदि कहीं बाल विवाह होता दिखाई दे, तो टोल फ्री नंबर 181, 1098 या महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय मंडला, नैनपुर, मवई, बिछिया, घुघरी, मोहगांव, निवास, बीजाडांडी एवं नारायणगंज से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों और लोगों को दिए गए नंबर नोट कराने के लिए परियोजना की ओर से पेन एवं नोट पेड का वितरण किया गया। नारायणगंज मड़ई में उपस्थित नागरिकों और किन्नर समाज के सदस्यों ने भी बाल विवाह रोकथाम की शपथ ली और पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया। किन्नर समाज के सदस्यों ने कहा कि वे अब विवाहिक कार्यक्रमों, बाजारों, मेलों एवं अन्य आयोजनों में जाकर बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक करेंगे। प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले ने हब एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सहायता सेवाओं की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी। बताया गया कि यह कार्यक्रम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में और जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में परियोजना अधिकारी संजीव मोहर, सेक्टर पर्यवेक्षक सविता पावले, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुकुन्तला चौधरी, श्रद्धा पावले, लक्ष्मी तेकाम, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले तथा बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरीशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।




जागरूकता कार्यक्रम

पीएम श्री कन्या विद्यालय में छात्राओं को साइबर सुरक्षा और गुड टच-बैड टच पर किया जागरूक

# एसपी ने छात्राओं को दी सुरक्षा की जानकारी

**मंडला 06 नबंवर नभाप्र.** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत गुरूवार को मंडला पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा की उपस्थिति में पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाराजपुर में छात्राओं के लिए आयोजित हुआ।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ऑपरेशन मुस्कान के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य गुम हुए अवयस्क बालक, बालिकाओं की शीघ्र एवं सुरक्षित दस्तयाबी, उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों को सौंपना, और गुमशुदगी के कारणों की पहचान कर उनकी रोकथाम करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है।



मंडला एसपी रजत सकलेचा ने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध परिस्थिति, अत्याचार, शोषण या जोखिम की स्थिति में घबराएँ नहीं, बल्कि बिना किसी देरी के तुरंत पुलिस, परिवार या विद्यालय प्रबंधन को सूचित करें। उन्होंने छात्राओं को आवश्यक हेल्पलाइन सेवाओं की भी जानकारी दी। जिसमें उन्होंने डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए इसके महत्व को समझाया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें छात्राओं को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन अपराध से बचाव, बाल अधिकार, गुड टच, बैड टच, नशे के दुष्परिणाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी महाराजपुर, थाना प्रभारी महिला सुरक्षा शाखा, शिक्षकगण, छात्राएँ एवं पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 8 से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**मंडला 06 नबंवर नभाप्र.** ग्राम पंचायत कटरा के नगर के सुभद्रा नगर में श्रीमद्भागवत अमृत ज्ञान कथा का नौ दिवसीय पावन आयोजन होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन स्वर्गीय कन्छेदी लाल पाठक एवं स्वर्गीय कमलेश पाठक की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों द्वारा किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा 8 नवंबर शनिवार से शुरू होकर 16 नवंबर तक चलेगी। कथा का अमृतपान धर्मशास्त्राचार्य पं. मानवेन्द्र शास्त्री के मुखारबिंद से होगा। कथा का शुभारंभ 8 नवंबर को दोपहर 3 बजे कलश पूजन एवं भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। बताया गया कि महाप्रसाद का आयोजन अंतिम दिवस, 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा।


## कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला (म.प्र.)

क्र/न.प./2025/1194 — आम सूचना — बम्हनी बंजर दिनांक 30/11/2025

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी निकाय द्वारा सतबहनी मर्ढइ मेला बैठकी शुल्क, साईकिल स्टेड शुल्क एवं विद्युत (लाईट) शुल्क वसूली ठेका बंद लिफाफे में आफर द्वारा नीलाम किया जाना है। इच्छुक ऑफरकर्ता दिनांक 14/11/2025 को समय 02 बजे तक निर्धारित टेण्डर फार्म में अमानत राशि व साथ आफर बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। जो उसी दिन 3 बजे उपस्थित आफर कर्ताओं के प्रमक्ष खोले जावेगें। आफर राशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. अलग से जमा करना अनिवार्य होगा। हवन पूजन हेतु पन्डा यादव एवं मंदिर समिति को 8000/- रू देना होगा जो बैठकी शुल्क ठेकेदार को 75 प्रतिशत एवं साईकिल स्टेण्ड ठेकेदार को 25 प्रतिशत राशि देना होगा। जो आफर दिनांक को ही राजस्व शाखा पर जमा करना होगा, साईकिल स्टेण्ड ठेकेदार को स्टेण्ड लगाने हेतु भूमि की व्यवस्था स्वंय को करना होगा।

| क्र. | ठेके का नाम | ठेके की अवधि | अमानत राशि | आफसेट प्राईज | टेण्डर फार्म शुल्क राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सतबहनी मर्ढइ बैठकी शुल्क | 30/11/2025 से 02/12/2025 | 5000/- | 111310/- | 500/ |
| 2. | साईकिल स्टेण्ड शुल्क | 30/11/2025 से 02/12/2025 | 3000/ | 15800/- | 300/- |
| 3. | विद्युत (लाईट) शुल्क | 30/11/2025 से 02/12/2025 | 1000/- | 5500/- | 200/- |

नोटः नीलामी शर्त राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बम्हनी बंजर



हेल्पलाईन-9713644800



माँ नर्मदा होम कॉलोनी
(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)
कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध
शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर
आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये
बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त
कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस
स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री
ऑफर सीमित समय के लिये*
मो.- 7828214860, 8305671202
पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)
सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला